आकाशवाणी शिमला
17.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि देश में विपक्ष के पास न नेता है न नीति और इनकी नीयत में खोट है। मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी और अन्य दल अलग–अलग राज्यों में एक दूसरे के खिलाफ ही लड़ रहे हैं। यही नही दिल्ली में आधे से अधिक कांग्रेस नेताओं ने इस लिए पार्टी छोड़ दी है क्योंकि ये नेता आम आदमी पार्टी का साथ नहीं देना चाहते क्योंकि इस पार्टी के अधिकांश नेता जेल में हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ना तो विपक्ष की सरकार आएगी और न ही विपक्ष का 6–6 महीने का प्रधानमंत्री बनाने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन पांच साल में दस प्रधानमंत्री बनाना चाहता है और उसकी ये इच्छा कभी पूरी नहीं होगी।

निष्कासित

प्रदेश भाजपा ने लाहौल स्पीति से पार्टी के बागी नेता डॉक्टर रामलाल मारकंडा और धर्मशाला से राकेश चौधरी को 6 सालों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में कहा कि ये दोनों नेता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो अनुशासनहीनता है। इसलिए इन दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। इस बीच बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापस नहीं लेने के चलते विधानसभा उपचुनाव के साथ–साथ लोकसभा चुनाव के समीकरण पर भी असर देखने को मिलेगा। बागियों के मैदान में डटे रहने से दोनों ही दलों के चुनावी समीकरण बिगड़ सकते हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के उबादेश क्षेत्र की रतनाड़ी पंचायत में चुनाव प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट मांगे। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने बीते पांच सालों शिमला संसदीय क्षेत्र के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया और अब जनता के मुद्दों को उठाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा को केवल वोट की ताकत से रोक जा सकता है। उन्होंने भाजपा पर चुनी हुई सरकारों को गिराने का आरोप भी लगाया है। उनके साथ माकपा नेता राकेश सिंघा और जुब्बल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोती लाल डेरटा भी मौजूद रहे।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि इंडी गठबंधन का कुनव 4 जून को पूरी तरह से बिखर जाएगा। बिंदल ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि इंडी गठबंधन का कोई वैचारिक आधार नहीं है और इसके नेता बैखलाहट में हैं। उन्होंने कहा कि 4 चरणों का मतदान पूरा होने के बाद ये नेता अब अपने घोषणा पत्र से हट कर घोषणाएं करने लगे हैं। इससे साफ है कि इंडी गठबंधन चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही अपनी हार मान चुका है। बिंदल ने ये भी कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पास उपलब्धियों के नाम पर बताने के लिए कुछ नहीं है। ऐसे में कांग्रेस के नेता और प्रत्याशी झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

कंगना रणौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कहा है कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय व धार्मिक विरासतों के पुनः निर्माण और संरक्षण के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। मंडी और कुल्लू जिला में आज विभिन्न स्थानों पर चुनावी संवाद के दौरान कंगना रणौत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते दस सालों में हर क्षेत्र में दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के बाद दशकों तक उपेक्षित प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की पुनः प्राप्ति और संरक्षण पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित किया है।

कुल्लू पर्यटन

कुल्लू जिला में सभी पर्यटन इकाईयों के आगन्तुक रजिस्टर का पर्यटन विभाग से सत्यापन करवाना जरूरी बनाया गया है। जिला पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा ने कहा कि इन इकाईयों में पंजीकृत होटल, रिजोर्ट, गैस्ट हाउस, कैम्पिंग साइट और होम स्टे शामिल हैं। उन्होंने इन इकाईयों के मालिकों को निर्देश दिए कि उनके यहां आने वाले पर्यटकों का रजिस्टर में नाम पता होना जरूरी है। ऐसा न करने वाले पर्यटन इकाई मालिकों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मौसम

प्रदेश वासियों को राज्य में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही चिलचिलाती गर्मी से जल्द ही राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में आज से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसे देखते हुए विभाग ने आज से ही राज्य के 8 जिलों में अगले तीन दिनों तक अलग–अगल स्थानों पर अंधड़ चलने और आसमानी बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया है.।

....